आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–25 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बहराइच में एक सौ छत्तीस परिवारों को मुख्यमंत्री आवास, शौचालय और आवास के लिए भूमि के पट्टों के वितरण से जुड़े कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बिना भेदभाव हर पात्र तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया है, ताकि हर घर में सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन का संचार हो सके।

जब सेवा और संवेदना शासन की व्यवस्था का हिस्सा बनता है, तब गरीब के घर में शौचालय बनता है। जब सेवा और संवेदना जीवन का हिस्सा बनता है तो सरकार इसे अपने एजेंडे का हिस्सा बनाती है। तब गरीब के घर में मकान बनता है, एक आवास की सुविधा उसे प्राप्त हो मिलती है। जब सेवा और संवेदना बोलती है तब गरीब को आयुष्मान का कार्ड बनता है। तब गरीब को शासन की सुविधा आसानी से प्राप्त होती है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एक सौ अट्ठारह हितग्राहियों को इक्कीस दशमलव पांच करोड़ से अधिक की राशि का हस्तांतरण भी किया। मुख्यमंत्री ने आज ही बलरामपुर जिले के तुलसीपुर स्थित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ में दर्शन–पूजन किया और प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर पहुंचे। वह मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छात्रावास निर्माण से सम्बन्धित भूमि पूजन एवं शिलान्यास तथा सीएफआर सेंटर के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिये छात्रावास जैसी सुविधाएं आज की आवश्यकता है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुयी केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में जनहित के कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। कैबिनेट ने अट्ठाइस हजार आठ सौ चालीस करोड़ रूपये के कुल परिव्यय के साथ रिजनल कनेक्टिविटी स्कीम–संशोधित उड़ान योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत देश भर में सौ नये एयरपोर्ट और दो सौ हेलीपैड विकसित किए जाएंगे जिनसे क्षेत्रीय हवाई सम्पर्क को बढ़ावा मिलेगा।

****

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज गोरखपुर दौरे पर पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि देश में फर्टिलाइजर की पर्याप्त व्यवस्था है। खेती–बाड़ी में किसी को कोई दिक्कत नहीं आएगी।

कोई कमी नही है किसान भाई–बहन आश्वस्त रहें। हमारे पास फर्टिलाइजर की पर्यापत व्यवस्था है। खेतीबारी में कोई दिक्कत नही आएगी। आगे बाकी व्यवस्था बनी रही इसके लिए प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हम दिन और राम प्रयत्न कर रहे हैं।

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान गोरखपुर के जंगल कौड़िया ब्लॉक में आयोजित पूर्व विधायक स्वर्गीय ओम प्रकाश पासवान की तीसवीं पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण किया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किट भी वितरित किए। इस अवसर पर केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

****

केन्द्र सरकार ने उन खबरों और सोशल मीडिया संदेशो का खंडन किया है जिनमें दावा किया गया है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना–पी.एम.यू.वाई. के तहत एलपीजी कनेक्शन के लिए रिफिल बुकिंग की समय सीमा को संशोधित करके पैंतालीस पैंतालीस दिन कर दिया गया है। एक रिपोर्ट–

दावों में यह भी कहा गया है कि गैर–पी.एम.यू.वाई. सिंगल बॉटल कनेक्शन के लिए नई समय सीमा पच्चीस दिन और गैर–पी.एम.यू.वाई. डबल बॉटल कनेक्शन के लिए पैंतीस दिन है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई बदलाव नहीं किया गया है और मौजूदा रिफिल बुकिंग की समय सीमा अपरिवर्तित है। इस बीच, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने कहा है कि देश भर में ईंधन की कोई कमी नहीं है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मंत्रालय ने कहा कि एलपीजी, कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति श्रृंखला बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से चल रही है। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि कुछ क्षेत्रों में पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहें पूरी तरह निराधार हैं। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

चैत्र नवरात्र के सातवें दिन आज माँ दुर्गा की सप्तम स्वरूपा माँ कालरात्रि की पूजा अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर आज तड़के से ही प्रदेश भर के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में श्रद्धालु माता का दर्शन पूजन कर रहे हैं।

****

मौसम विभाग ने सत्ताइस मार्च को प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कल भी यही स्थिति रह सकती है। विभाग ने अगले दो दिनों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे 2–4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी की भी संभावना व्यक्त की है।

****